दिन– मंगलवार दिनांक– 01 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. केंद्र सरकार की एकीकृत पेंशन योजना–यूपीएस आज से लागू। तेईस लाख कर्मचारी होंगे लाभान्वित।

02. राज्य में आज से नई बिजली दरें प्रभावी। ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को चौवन पैसे प्रति यूनिट सस्ती बिजली मिलेगी।

03. लोक आस्था और सूर्य उपासना का महापर्व चैती छठ नहाय खाय के साथ शुरू। सभी प्रमुख नदी घाटों पर पवित्र स्नान के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़।

04. और, मौसम विभाग ने कहा– इस वर्ष गया, बांका, पश्चिम चम्पारण, सीवान और गोपालगंज समेत आस–पास के जिलों में सामान्य से अधिक गर्मी की आशंका।

———————————————————————

केंद्र सरकार की एकीकृत पेंशन योजना–यूपीएस आज से लागू हो जाएगी। केंद्र सरकार ने यूपीएस को राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के विकल्प के रूप में प्रस्तुत किया है। पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण ने हाल ही में यूपीएस के संचालन के लिए नियम अधिसूचित किए थे। हमारे संवाददाताने बताया है कि इस योजना से केंद्र सरकार के लगभग तेईस लाख कर्मचारी लाभान्वित होंगे।

———बाईट———

———————————————————————

राज्य में आज से नई बिजली दरें लागू हो गई है। इसके साथ ही राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू और कुटीर ज्योति, बीपीएल कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं को चौवन पैसे प्रति यूनिट सस्ती बिजली मिलेगी। प्रत्येक माह पचास यूनिट से अधिक खपत करने वाले ग्रामीण उपभोक्ताओं को यह लाभ मिलेगा। पूरे राज्य में इस श्रेणी के लगभग सवा करोड़ उपभोक्ता हैं। वहीं, स्मार्ट प्रीपेड मीटर के उपभोक्ताओं को पच्चीस पैसे प्रति यूनिट सस्ती बिजली मिलेगी। अब तक बिहार में बासठ लाख से अधिक स्मार्ट मीटर लगाये जा चुके हैं। इसके पहले उपभोक्ताओं को मीटर रिचार्ज करने पर तीन फीसदी की छूट मिल रही थी, लेकिन ग्रामीण इलाके में जिन घरेलू उपभोक्ताओं ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगा रखे हैं, उन्हें उनासी पैसे प्रति यूनिट सस्ती बिजली मिलेगी। नये नियमों के अनुसार स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने के छह महीने बाद तक लोड से अधिक खपत करने पर जुर्माना नहीं देना होगा, लेकिन जिन उपभोक्ताओं ने छह महीने पहले स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए हैं और वे अधिक खपत कर रहे हैं, तो उन्हें जुर्माना देना होगा। नई दरें

इकतीस मार्च दो हजार छब्बीस तक लागू रहेगी। शहरी, घरेलू, ग्रामीण और शहरी व्यवसायिक, कृषि, औद्योगिक कनेक्शन सहित किसी भी श्रेणी की बिजली दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इकतीस मार्च से पहले की बिजली दर के अनुसार ही लोगों को बिजली बिल का भुगतान करना होगा।

———————————————————

राज्य में आज से गेहूं की खरीद की जायेगी। सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार आज गया जिले के नगर प्रखंड चंदौती के चूरी पैक्स में गेहूं खरीद कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। श्री कुमार ने बताया कि इस वर्ष रबी मौसम दो हजार पच्चीस–छब्बीस में किसानों से दो लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य रखा गया है। इनमें डेढ़ लाख टन गेहूं की खरीद पैक्स और व्यापार मंडल के माध्यम से की जायेगी, जबकि पचास हजार टन गेहूं खरीद भारतीय खाद्य निगम, एफसीआई से होगी। किसानों को गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य दो हजार चार सौ पच्चीस रुपये प्रति क्विंटल मिलेगा। यह राशि पिछले वर्ष की तुलना में एक सौ पचास रुपये प्रति क्विंटल अधिक है। गेहूं खरीद के अड़तालीस घंटे के भीतर किसानों को राशि भुगतान कर दिया जायेगा। गौरतलब है कि रैयत और गैर रैयत दोनों तरह के किसान गेहूं बेच सकते हैं। धान की तरह गेहूं बेचने के लिए अधिकतम सीमा निर्धारित नहीं की गई है।

———————————————————

राष्ट्रीय राजमार्ग, एनएच पर आज से टोल प्लाजा की नई दर लागू हो गई है। इसके अनुसार अब वाहन मालिकों को चार से पांच प्रतिशत अधिक टोल टैक्स देना होगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अनुसार राज्य में उनतालीस टोल प्लाजा हैं।

———————————————————

प्रदेश में आज से बच्चों को स्कूल लाने और ले जाने में ऑटो रिक्शा और ई–रिक्शा के उपयोग पर पूरी तरह प्रतिबंध लागू हो गया है। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय के ट्रैफिक अनुभाग ने सभी पुलिस अधीक्षक को आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि ऑटो रिक्शा और ई–रिक्शा से बच्चों को स्कूल लाने–ले जाने के प्रयोग से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

———————————————————

राज्य में ग्राम कचहरी सचिव के एक हजार पांच सौ तिरासी रिक्त पदों पर नियोजन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पटना जिले में ग्राम कचहरी सचिव के रिक्त पैंसठ पदों पर नियोजन के लिए मेधा सूची में पहले स्थान पर रहने वाले अभ्यर्थियों की

काउंसिलिंग चार अप्रैल को होगी। अन्य जिलों के चयनित अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग चरणबद्ध तरीके से होगी। इसके लिए तिथि बाद में तय होगी।

———————————————————————

नालंदा जिले के राजगीर में इस वर्ष अगस्त माह में एशिया कप हॉकी का आयोजन होगा। हॉकी इंडिया और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण ने पटना में इस संबंध में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

———————————————————————

लोक आस्था और सूर्य उपासना का महापर्व चैती छठ आज नहाय खाय के साथ शुरू गया है।

———म्यूजिक———

हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि नहाय–खाय को लेकर गंगा समेत प्रदेश की सभी प्रमुख नदियों के घाटों पर सुबह से ही पवित्र स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। हमारे औरंगाबाद संवाददाता ने बताया है कि देव सूर्य मंदिर में चैती छठ पूजा को लेकर विभिन्न राज्यों से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। साथ ही आज से चार दिवसीय छठ मेला भी शुरू हो रहा है। चार दिवसीय यह पर्व चार अप्रैल को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ सम्पन्न हो जायेगा। इधर, चैती छठ के दौरान प्रदेश में भीड़ नियंत्रण और विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस और दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है।

———म्यूजिक———

———————————————————————

राज्यपाल, आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेशवासियों को चैती छठ की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संदेश में कहा है कि छठ आत्म अनुशासन का पर्व है। उन्होंने कामना की यह पर्व लोगों के लिए सुख, समृद्धि और शांति लेकर आए।

———————————————————————

मौसम विभाग ने इस वर्ष अप्रैल से जून के दौरान बिहार समेत देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक तापमान रहने का अनुमान व्यक्त किया है। मौसम विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने कहा कि इस अवधि के दौरान अधिकांश क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान भी सामान्य से अधिक रहेगा।

———बाईट———

वहीं, मौसम विभाग, पटना के निदेशक आशीष कुमार ने बताया कि इस अवधि में प्रदेश के गया, नवादा, जमुई, बांका, पश्चिम चम्पारण, सीवान, सारण और गोपालगंज समेत दक्षिण और उत्तर–पश्चिम क्षेत्रों के जिलों में अधिक गर्मी पड़ने की आशंका है। इधर, विभाग ने अगले दो से तीन दिनों में मौसम में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नही है। इसके बाद प्रदेश के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि की संभावना है।

–––बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––

प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में आज से प्रवेशोत्सव नामांकन पखवाड़ा की शुरुआत हो रही है। शिक्षा विभाग के अनुसार इस पखवाड़े के तहत छह से चौदह वर्ष तक के बच्चों का नामांकन लिया जाएगा।

––––––––––––––––––––––––––––––––––

इंटर की वार्षिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण और परीक्षा से वंचित रह गए छात्रों के लिए विशेष परीक्षा के लिए आज से ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो रही है। परीक्षार्थी आठ अप्रैल तक आवेदन कर सकते है। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने कहा कि विशेष परीक्षा का आयोजन अप्रैल–मई में होगा, जबकि परीक्षा का परिणाम इकतीस मई तक जारी कर दिया जायेगा।

––––––––––––––––––––––––––––––––––

कृषि विभाग ने अगलगी के कारण फसलों को हो रहे नुकसान से बचाने के लिए किसानों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। विभाग की ओर से किसानों को तैयार फसल की जल्द से जल्द कटाई करने की सलाह दी गयी है। फसल कटनी में देरी की स्थिति में खेत के आस–पास गड्ढे में पानी के साथ–साथ बालू रखने की भी सलाह दी गयी है। इस संबंध में पंचायत स्तर के पदाधिकारियों और प्रसार कार्यकर्ताओं को भी अलर्ट रहने का निर्देश दिया है। इसके लिए किसानों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जायेगा।

––––––––––––––––––––––––––––––––––

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चौबीस अप्रैल को बिहार दौरे पर मधुबनी आयेंगे। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि पंचायती राज दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री मधुबनी से विभिन्न विकास कार्यक्रमों का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

––––––––––––––––––––––––––––––––––

राज्य स्तरीय चयन समिति द्वारा विकसित भारत युवा संसद के लिए अरवल के ऋषिकेश पुरणोदय का चयन किया गया है। ऋषिकेश संसद भवन के विशेष सत्र में विकसित भारत विषय पर तीन मिनट का वक्तव्य देंगे।

———————————————————

मधुबनी जिले में भारत–नेपाल सीमा पर तैनात एसएसबी की टीम ने तेरह मवेशियों के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। जिन्हें बाद में अगली कार्रवाई के लिए लौकहा थाना को सौंप दिया।

———————————————————

सहरसा जिले के बिहरा थाना क्षेत्र के रहुआ चौक से पुलिस ने पच्चीस हजार रुपए के इनामी अपराधी चंदन कुमार को गिरफ्तार किया है।

———————————————————

सारण जिले के मंडल कारा से एक कैदी के फरार होने के मामले में जेल अधीक्षक ने तीन सिपाही को निलंबित कर दिया है।

———————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने राज्य में आला अधिकारियों के सम्पत्ति घोषणा को बड़ी खबर बनाते हुये लिखा है– मुख्य सचिव के पास निजी गाड़ी नहीं, तो डीजीपी के हाथ खाली।

दैनिक जागरण की बड़ी खबर है– राजगीर में उनतीस अगस्त से होगी एशियन पुरूष हाकी प्रतियोगिता। आठ टीमें होगी शामिल।

दैनिक भास्कर लिखता है– बिहार में पहली बार तेईस अप्रैल को सूर्य किरण विमान दिखायेंगे करतब। गंगा पथ पर दिखेगा एरोबेटिक टीम का कमाल।

प्रभात खबर ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के एक निर्णय पर लिखा है– पीएफ से अब आप एक बार में निकाल सकेंगे पांच लाख रूपये।

राष्ट्रीय सहारा लिखता है– मुआवजे से नहीं काटी जा सकती मेडिक्लेम की राशि।

आज अखबार की सुर्खी है– डिग्री कॉलेजों में इंटरमीडिएट की पढ़ाई बंद।

———————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केंद्र सरकार की एकीकृत पेंशन योजना–यूपीएस आज से लागू। तेईस लाख कर्मचारी होंगे लाभान्वित।

02. राज्य में आज से नई बिजली दरें प्रभावी। ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को चौवन पैसे प्रति यूनिट सस्ती बिजली मिलेगी।

03. लोक आस्था और सूर्य उपासना का महापर्व चैती छठ नहाय खाय के साथ शुरू। सभी प्रमुख नदी घाटों पर पवित्र स्नान के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़।

04. और, मौसम विभाग ने कहा– इस वर्ष गया, बांका, पश्चिम चम्पारण, सीवान और गोपालगंज समेत आस–पास के जिलों में सामान्य से अधिक गर्मी की आशंका।

————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।